# Microsoft License Terms

**MICROSOFT सॉफ़्टवेयर लाइसेंस की शर्तें**

**OFFICE 2019 डेस्कटॉप  अंतिम अद्यतन सितम्बर 2018**

---

**यदि आप संयुक्त राज्य में रहते हैं (या यदि आपके व्यापार करने का मूल स्थान वहाँ है), तो कृपया भाग 9 में बंधन विवाचन खंड तथा वर्ग कार्रवाई माफी पढ़ लें. विवादों का समाधान खोजने में इसका प्रभाव पड़ता है.**

**Microsoft को चुनने के लिए धन्यवाद!**

इस आधार पर कि आपने Office सॉफ़्टवेयर कैसे प्राप्त किया, यह (i) आपके और डिवाइस निर्माता या सॉफ़्टवेयर संस्थापक जिसने आपके डिवाइस के साथ सॉफ़्टवेयर का वितरण किया है; या (ii) आपके और Microsoft Corporation (या, इस आधार पर कि आप कहाँ रहते हैं या, यदि व्यवसाय है तो, आपके व्यवसाय का प्रमुख स्थान कहाँ है, इसकी संबद्ध कंपनियों में से कोई एक) यदि आपने सॉफ़्टवेयर किसी फुटकर विक्रेता से प्राप्त किया है, एक लाइसेंस अनुबंध है. Microsoft या उसकी किसी अनुषंगी द्वारा उत्पादित डिवाइसेस के लिए Microsoft स्वयं डिवाइस निर्माता है, और यदि आपने सॉफ़्टवेयर को सीधे Microsoft से प्राप्त किया है तो Microsoft फुटकर विक्रेता भी होगा.

इस अनुबंध में आपके अधिकारों के साथ ही उन शर्तों का विवरण दिया गया है, जिनके आधार पर आप Office सॉफ़्टवेयर का उपयोग कर सकते हैं. आपको सॉफ़्टवेयर के साथ आने वाली किन्हीं पूरक शर्तों और किन्हीं संबद्ध शर्तों सहित संपूर्ण अनुबंध की समीक्षा करनी चाहिए, क्योंकि सभी शर्तें महत्वपूर्ण हैं और एकसाथ आप पर लागू होने वाले इस अनुबंध को बनाती हैं. आप ब्राउज़र विंडो में लागू लिंक को पेस्ट करके संबद्ध शर्तों की समीक्षा कर सकते हैं.

**इस अनुबंध को स्वीकार करके या सॉफ़्टवेयर का प्रयोग करके, आप इस सभी शर्तों से सहमत होते हैं और सक्रियण तथा सॉफ़्टवेयर का प्रयोग करने के दौरान धारा 4 में वर्णित Microsoft गोपनीयता कथन के अनुसरण में कतिपय सूचना का संचरण करने की अनुमति देते हैं. यदि आप इन शर्तों को स्वीकार और इनका अनुपालन नहीं करते, तो आप इस सॉफ़्टवेयर या उसकी विशेषताओं का उपयोग नहीं कर सकते.** यदि आपने सॉफ़्टवेयर सीधे खरीदा है, तब आप निर्माता या स्थापनाकर्ता से संपर्क करके उसकी वापसी नीति का पता लगा सकते हैं और फिर उस नीति के तहत सॉफ़्टवेयर या कंप्यूटर को धनवापसी अथवा क्रेडिट के एवज़ में उसे वापस लौटा सकते हैं. आपको उस नीति का अनुपालन करना होगा, जिसके अंतर्गत आपको धनवापसी या क्रेडिट के लिए समूची डिवाइस सहित सॉफ़्टवेयर को वापस लौटाने की ज़रूरत भी पड़ सकती है, जिस पर यदि कोई हो तो, सॉफ़्टवेयर स्थापित है.

**1 अवलोकन.**

a. **अनुप्रयोज्यता.** यह अनुबंध उस Office सॉफ़्टवेयर पर लागू होता है जिसे आपकी डिवाइस पर पूर्व-स्थापित किया गया है, या किसी विक्रेता से खरीद कर आपके द्वारा स्थापित किया गया है, वह मीडिया जिस पर आप सॉफ़्टवेयर (यदि कोई हो तो) प्राप्त करते हैं, सॉफ़्टवेयर के साथ शामिल कोई भी फ़ॉन्ट्स, आइकन्स, छवियां या साउंड फ़ाइलें, और साथ ही सॉफ़्टवेयर के लिए Microsoft अद्यतन, अपग्रेड्स, सप्लिमेंट्स या सेवाएं, जब तक कि उनके साथ अन्य शर्तें शामिल न हों. यदि इस अनुबंध में किसी ऐसी सेवा या सुविधा से जुड़ी शर्तें हैं जो आपकी डिवाइस पर उपलब्ध नहीं है, तब वे शर्तें लागू नहीं होंगी.

b. **अतिरिक्त शर्तें.** आपके डिवाइस की क्षमताओं, इसे कैसे कॉन्फ़िगर किया गया है और आप कैसे उसका उपयोग करते हैं, के आधार पर निश्चित सुविधाओं, सेवाओं और एप्लिकेशन के आपके उपयोग पर अतिरिक्त Microsoft और तृतीय पक्ष शर्तें लागू हो सकती हैं. कृपया उन्हें निश्चित रूप से पढ़ लें.

(i) सॉफ़्टवेयर की कुछ विशेषताएं ऑनलाइन सेवाओं तक पहुँच पॉइंट प्रदान करती हैं या उन पर निर्भर करती हैं, और उन सेवाओं का प्रयोग कभी-कभी पृथक शर्तों तथा गोपनीयता नीतियों द्वारा अभिशासित होता है, जैसेकि (aka.ms/msa) पर Microsoft सेवाओं का अनुबंध. आप प्रयोग के लिए अनुप्रयोज्य सेवा शर्तों पर निगाह डालकर इन शर्तों तथा नीतियों को देख सकते हैं. हो सकता है कि ये सेवाएँ सभी क्षेत्रों में उपलब्ध न हो.

(ii) निर्माता या संस्थापक ऐप्स को पहले से स्थापित भी कर सकता है, जो लाइसेंस की पृथक शर्तों के अध्यधीन होगा.

(iii) इस सॉफ़्टवेयर में ऐसे तृतीय पक्ष प्रोग्राम हो सकते हैं जिन्हें तृतीय पक्ष नहीं बल्कि Microsoft इस अनुबंध के तहत आपको लाइसेंसीकृत करता है. तृतीय पक्ष के प्रोग्राम के लिए सूचनाएँ, यदि कोई हैं, केवल आपकी जानकारी के लिए शामिल की गई हैं।

(iv)सॉफ़्टेवयर चलने के दौरान, आप सामग्री को प्रदर्शित करने तथा प्रिंट करने के लिए इसके फ़ॉन्ट का प्रयोग कर सकते हैं. आप सामग्री को प्रिंट करने के लिए किसी प्रिंटर या अन्य आउटपुट डिवाइस पर फ़ॉन्ट को अस्थायी रूप से डाउनलोड कर सकते है, तथा आप फ़ॉन्ट के एम्बेडिंग प्रतिबंधों की अनुमतियों के अनुसार सामग्री में फ़ॉन्ट को एम्बेड कर सकते हैं.

## 2 स्थापना और उपयोग के अधिकार.

a. **लाइसेंस.** इस सॉफ्टवेयर का लाइसेंस दिया गया है, इसे बेचा नहीं गया है। इस अनुबंध के अंतर्गत, हम आपको आपकी डिवाइस (लाइंसेसशुदा डिवाइस) पर  सॉफ़्टवेयर स्थापित करने (यदि आपने फुटकर विक्रेता से सॉफ़्टवेयर प्राप्त किया है) और एकबार चलाने, एक समय में एक व्यक्ति द्वारा प्रयोग किए जाने के लिए, का अधिकार देते हैं, किंतु आपको इस अनुबंध की सभी शर्तों का अनुपालन करना होगा. लाइसेंस और शर्तों के लिए निम्न धारा 12-14 देखें जो सीमित अधिकार संस्करणों, कतिपय भौगोलिक क्षेत्रों और सॉफ़्टवेयर के विशेष संस्करणों के लिए विशिष्ट हैं. किसी अवास्तविक सॉफ़्टवेयर को Microsoft या अन्य अधिकृत स्रोतों से अद्यतन या अपग्रेड करने से आपका मूल या अद्यतन/अपग्रेड किया गया संस्करण वास्तविक नहीं हो जाता है, और उस स्थिति में सॉफ़्टवेयर को उपयोग करने का लाइसेंस आपके पास नहीं होता है.

b.**डिवाइस.** इस अनुबंध में, “डिवाइस” का अर्थ है एक ऐसा हार्डवेयर सिस्टम (भौतिक या आभासी) जिसमें सॉफ़्टवेयर रन करने के लिए एक आंतरिक संग्रहण डिवाइस भी हो. किसी हार्डवेयर विभाजन या ब्लेड को एक डिवाइस माना जाता है.

c. **प्रतिबंध.** निर्माता या स्थापनाकर्ता और Microsoft सभी अधिकार (जैसे कि कुछ देशों में बौद्धिक संपदा कानूनों के तहत दिए गए अधिकार) जिनका इस अनुबंध में स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया है, सुरक्षित रखते हैं. उदाहरण के लिए, यह लाइसेंस आपको निम्न का अधिकार नहीं देता, और आप यह नहीं कर सकते:

(i) सॉफ़्टेवयर की विशेषताओं का अलग से प्रयोग या वर्चुअलाइज़ करना;

(ii) सॉफ़्टेवयर को प्रकाशित करना, प्रतिलिपि बनाना, किराए पर देना, पट्टे पर देना, या उधार देना;

(iii) सॉफ़्टेवयर को हस्तांतरित करना (सिवाए इस अनुबंध में दी अनुमति के अलावा);

(iv) सॉफ़्टेवयर में किन्हीं तकनीकी प्रतिबंधों या सीमाओं पर काम करना;

(v) सॉफ़्टेवयर का प्रयोग सर्वर सॉफ़्टेवयर के रूप में, वाणिज्यिक होस्टिंग करना, नेटवर्क पर एकाधिक उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रयोग किए जाने हेतु एकसाथ सॉफ़्टेवयर उपलब्ध कराना, सर्वर पर सॉफ़्टेवयर स्थापित करना और उपयोगकर्ताओं को इसे दूरस्थ स्थानों से पहुँच करने की अनुमति देना, या केवल दूरस्थ उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रयोग करने के लिए डिवाइस पर सॉफ़्टेवयर स्थापित करना;

(vi) सॉफ़्टेवयर को रिवर्स इंजीनियर करना, डिकंपाइल करना, या डिससेंबल करना, या ऐसा करने की कोशिश करना, सिवाए इस बात के कि जहां आप रहते हैं (या अगर व्यवसाय है, तो जहां व्यवसाय का आपका प्रमुख स्थान है) वहां पर ऐसा करने की अनुमति है चाहे यह अनुमति ना देता हो. ऐसी स्थिति में आप केवल वही कर सकते हैं जिसकी अनुमति आपका कानून देता है; या

(vii)इंटरनेट-आधारित विशेषताओं का प्रयोग करते समय आपको उन विशेषताओं का किसी इस तरह से प्रयोग नहीं कर सकते हैं जो किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उनका प्रयोग करने में बाधा उत्पन्न करे, या अनधिकृत तरीके से किसी सेवा, डेटा, खाते, या नेटवर्क को पहुँच करने या प्रयोग करने की कोशिश करे.

**d. एकाधिक उपयोग परिदृश्य**.

(i) **एकाधिक संस्करण.** यदि सॉफ़्टवेयर प्राप्त करते समय आपको एकाधिक संस्करण (जैसे 32-बिट और 64-बिट संस्करण) उपलब्ध करवाए गए थे, तब आप एक समय में उनमें से किसी एक की ही स्थापना कर उसे सक्रिय कर सकते हैं.

(ii) **एकाधिक या पूल किए गए कनेक्शन.** आप मल्टीप्लेक्स या पूल कनेक्शन हेतु हार्डवेयर का उपयोग नहीं कर सकते हैं, या अनेक उपयोगकर्ताओं या अनेक कंप्यूटर या डिवाइसों को पहुँच बनाने की अनुमति नहीं दे सकते अथवा लाइसेंसीकृत कंप्यूटर के माध्यम से सॉफ़्टवेयर के अप्रत्यक्ष उपयोग की अनुमति नहीं दे सकते.

(iii) **वर्चुअलाइज़्ड परिवेश में उपयोग करना**. यह लाइसेंस आपको इस सॉफ़्टवेयर की केवल एक प्रति को केवल एक डिवाइस पर स्थापित और उपयोग करने का अधिकार देता है, चाहे वह डिवाइस फ़िज़िकल हो या वर्चुअल. यदि आप सॉफ़्टवेयर का एक से अधिक वर्चुअल डिवाइस पर उपयोग करना चाहते हैं, तो आपको प्रत्येक प्रति के लिए अलग लाइसेंस लेना होगा.

(iv)**दूरस्थ पहुँच.** आप दूरस्थ पहुँच तकनीकों का उपयोग करके किसी अन्य डिवाइस से लाइसेंसीकृत डिवाइस पर स्थापित सॉफ़्टवेयर तक दूरस्थ रूप से पहुँच सकते हैं और उसका उपयोग कर सकते हैं, बशर्ते ठीक उसी समय किसी अन्य उपयोगकर्ता द्वारा लाइसेंसीकृत डिवाइस पर स्थापित सॉफ़्टवेयर का उपयोग न किया जा रहा हो. अलग-अलग समय में अन्य उपयोगकर्ता दूरस्थ पहुंच तकनीकों की मदद से किसी अन्य डिवाइस से लाइसेंसीकृत डिवाइस पर पहुंच सकते हैं, लेकिन केवल उन्हीं डिवाइसेस पर जिनके लिए इस सॉफ़्टवेयर के समान या उच्च संस्करण पर चलाने के लिए पृथक लाइसेंस है.

(v)**दूरस्थ सहायता.** दूरस्थ सहायता तकनीकों का उपयोग करके आप सॉफ़्टवेयर के लिए कोई अतिरिक्त लाइसेंस हासिल किए बिना भी सक्रिय सत्र साझा कर सकते हैं. दूरस्थ सहायता की मदद से एक उपयोगकर्ता सीधे दूसरे उपयोगकर्ता के डिवाइस से संपर्क कर सकता है, ऐसा आम तौर पर समस्याओं को ठीक करने के लिए किया जाता है.

**e.बैकअप प्रति.** आप (office.com/backup) से सॉफ़्टवेयर की बैकअप प्रति डाउनलोड कर सकते हैं या ग्राहक सहायता (aka.ms/mssupport) से इसे ऑर्डर कर सकते हैं और अगर इसे निम्न वर्णन के अनुसार स्टैंड-अलोन सॉफ़्टवेयर के रूप में फुटकर विक्रेता से प्राप्त किया गया था तो सॉफ़्टवेयर  स्थानांतरित करने के लिए उस बैकअप प्रति का प्रयोग कर सकते हैं. बैकअप प्रति का अधिकार घरेलू प्रयोग हेतु प्रोग्राम सॉफ़्टवेयर पर लागू नहीं होता है (धारा 14 देखें).

3 **तृतीय पक्ष को स्थानांतरण.** इस धारा के प्रावधाना लागू नहीं होते हैं यदि आपने सॉफ़्टवेयर को यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (EEA) में प्राप्त किया था और इसे EEA के भीतर किसी दूसरे व्यक्ति या निकाय को स्थानांतरित किया है, उस मामले में सॉफ़्टवेयर का कोई भी हस्तांतरण और इसे प्रयोग करने के अधिकार को गू कानून का अनुपालन करना होगा.

**a.डिवाइस पर सॉफ़्टवेयर प्रीइंस्टॉलेशन.** यदि आप अपनी डिवाइस पर पूर्व स्थापित सॉफ़्टवेयर हासिल करते हैं, तब आप केवल लाइसेंसीकृत डिवाइस के साथ सॉफ़्टवेयर को सीधे स्थानांतरित कर सकते हैं. स्थानांतरण में सॉफ़्टवेयर और, यदि डिवाइस के साथ उपलब्ध कराया गया है, उत्पाद कुंजी के साथ-साथ विश्वसनीयता Office लेबल भी अवश्य शामिल होना

चाहिए. किसी भी स्वीकृत स्थानांतरण से पहले, दूसरे पक्ष को इस बात से सहमत होना चाहिए कि यह अनुबंध इस सॉफ़्टवेयर के स्थानांतरण व उपयोग पर लागू होता है.

b. **किसी रीटेलर से हासिल किया गया स्टैंड-अलोन सॉफ़्टवेयर.** यदि आपने सॉफ़्टवेयर एक स्टैंड-अलोन सॉफ़्टवेयर के रूप में किसी रिटेलर से लिया था, तो आप अपने एक और डिवाइस पर सॉफ़्टवेयर स्थानांतरित कर सकते हैं, लेकिन हर 90 दिनों में एक बार से अधिक नहीं (सिवाय हार्डवेयर विफलता की वजह से, और इस मामले में आप जल्दी स्थानांतरित कर सकते हैं). यदि आप किसी दूसरी डिवाइस पर सॉफ़्टवेयर को स्थानांतरित करते हैं, तो वह दूसरी डिवाइस "लाइसेंसीकृत डिवाइस" बन जाती है. आप सॉफ़्टवेयर को किसी ऐसी डिवाइस पर स्थानांतरित कर सकते हैं, जो किसी और का है, बशर्ते (i) आप सॉफ़्टवेयर के पहले लाइसेंसीकृत उपयोगकर्ता हों (ii) नया उपयोगकर्ता इस अनुबंध की शर्तों पर अपनी सहमति जताए. हर बार नई डिवाइस पर सॉफ़्टवेयर को स्थानांतरित करते समय, आपको पुरानी डिवाइस से यह सॉफ़्टवेयर हटाना होगा. आप इस सॉफ़्टवेयर को लाइसेंस साझा करने के लिए डिवाइस के बीच स्थानांतरित नहीं कर सकते.

4 **गोपनीयता; डेटा के उपयोग की सहमति.** आपकी गोपनीयता हमारे लिए महत्वपूर्ण है. सॉफ़्टवेयर की कुछ सुविधाएं उनका उपयोग करते समय जानकारी का आदान-प्रदान करते हैं. इनमें से अधिकांश सुविधाओं को उपयोगकर्ता इंटरफेस में सक्षम या अक्षम किया जा सकता है, या आप उनका प्रयोग न करने का चुनाव कर सकते हैं. अनुबंध को स्वीकार करके और सॉफ़्टवेयर का प्रयोग करके आप सहमत होते हैं कि Microsoft (aka.ms/privacy) में उपलब्ध Microsoft गोपनीयता कथन में यथावर्णित, और जैसा सॉफ़्टवेयर की सुविधाओं के साथ जुड़े इंटरफेस में वर्णित हो सकता है, सूचना को एकत्र, प्रयोग और प्रकट कर सकता है.

5 **अधिकृत सॉफ़्टवेयर और सक्रियण.** इस सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने के लिए आप केवल तभी अधिकृत हैं, जब आपके पास उचित लाइसेंस है और सॉफ़्टवेयर असली उत्पाद कुंजी से या किसी अन्य अधिकृत पद्धति का उपयोग करते हुए उचित ढंग सक्रिय किया गया है. सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने के लिए जब आप इंटरनेट से कनेक्ट करते हैं, तब सॉफ़्टवेयर स्वतः Microsoft या उसके सहयोगियों से संपर्क करके लाइसेंस के असली होना और इसके लाइसेंसीकृत डिवाइस से संबद्ध होने की पुष्टि करेगा. आपकी भौगोलिक स्थिति के आधार पर, आप इंटरनेट या टेलीफ़ोन द्वारा सॉफ़्टवेयर को मैन्युअल रूप से भी सक्रिय कर सकते हैं. किसी भी स्थिति में, निश्चित सूचना का आदान-प्रदान होगा, तथा इंटरनेट, टेलीफ़ोन और SMS के सेवा शुल्क लागू हो सकते हैं. सक्रियण (या आपकी डिवाइस के घटकों में आए बदलावों के कारण होने वाले पुनर्सक्रियण) के दौरान सॉफ़्टवेयर निर्धारित कर सकता है कि इंस्टॉल किया गया सॉफ़्टवेयर जाली, अनुचित रूप से लाइसेंसीकृत या अनधिकृत परिवर्तनों से युक्त है. यदि सक्रियण असफल रहता है, तब सॉफ़्टवेयर छेड़छाड़ किए गए Microsoft सॉफ़्टवेयर के स्थान पर असली Microsoft सॉफ़्टवेयर रिप्लेस कर स्वयं रिपेयर करेगा. यदि आपने इंटरनेट से सॉफ़्टवेयर को सक्रिय किया था, तो आपको लाइसेंसीकृत डिवाइस से जुड़े लाइसेंस की पुष्टि करने के लिए सॉफ़्टवेयर का प्रयोग करने के दौरान आवधिक तौर पर इंटरनेट से दोबारा कनेक्ट करना पड़ सकता है; और यदि आप दोबारा कनेक्ट नहीं करते हैं तो संभव है कि सॉफ़्टवेयर के काम करने की क्रियात्मकता घट जाए. आपको सॉफ़्टवेयर के लिए उचित लाइसेंस प्राप्त करने के लिए रिमाइंडर भी मिल सकते हैं. आपको सक्रियण से बचने या कोई छेड़छाड़ करके उससे आगे बढ़ने की अनुमति नहीं है. केवल असली Microsoft सॉफ़्टवेयर के उपयोगकर्ताओं को विशेष नवीनीकरण, सहायता, और अन्य सेवाएँ प्राप्त हो सकती हैं.

6 **अद्यतन.** सॉफ़्टवेयर आवधिक तौर पर सॉफ़्टवेयर अद्यतन की जांच करता है, और आपके लिए उन्हें डाउनलोड तथा स्थापित करता है. आप अपडेट केवल Microsoft या प्राधिकृत स्रोतों से प्राप्त कर सकते हैं, और इस अनुबंध को स्वीकार करके, आप बिना किसी अतिरिक्त सूचना के इस प्रकार की स्वचालित अपडेट को प्राप्त करने पर सहमत होते हैं.

7 **भौगोलिक और निर्यात प्रतिबंध .** यदि आपका सॉफ़्टवेयर किसी खास भौगोलिक क्षेत्र में उपयोग किए जाने हेतु नियत है, तो आप सॉफ़्टवेयर को केवल उसी क्षेत्र में सक्रिय कर सकते हैं. साथ ही आपको इस सॉफ़्टवेयर पर लागू होने वाले सभी घरेलू

और अंतर्राष्ट्रीय निर्यात क़ानूनों व नियमों का अनुपालन करना होगा, जिनमें गंतव्यों, अंतिम उपयोगकर्ताओं, और अंतिम उपयोग पर लागू प्रतिबंध भी शामिल हैं. निर्यात प्रतिबंधों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, (aka.ms/exporting) पर जाएँ.

**8 समर्थन व धनवापसी प्रक्रियाएँ**

a. **डिवाइस पर पहले से स्थापित सॉफ़्टवेयर के लिए**. आमतौर पर सॉफ़्टवेयर के लिए, सहायता विकल्पों के लिए डिवाइस निर्माता या स्थापनाकर्ता से संपर्क करें. सॉफ़्टवेयर के साथ उपलब्ध कराए गए समर्थन नंबर देखें. सीधे Microsoft से प्राप्त किए गए अद्यतनों और पूरकों के लिए, Microsoft उचित रूप से लाइसेंस प्राप्त सॉफ़्टवेयर के लिए सीमित सहायता सेवाएँ प्रदान कर सकता है, जैसा कि (aka.ms/mssupport) पर उल्लिखित है. यदि आप धनवापसी चाहते हैं, तो निर्माता या स्थापनाकर्ता से संपर्क करके धनवापसी नीति की जानकारी लें. आपको उन नीतियों का अनुपालन करना होगा, जिसके अंतर्गत आपको धनवापसी के एवज़ में समूची डिवाइस सहित सॉफ़्टवेयर को वापस लौटाने की ज़रूरत भी पड़ सकती है, जिस पर सॉफ़्टवेयर स्थापित है.

b. **फुटकर विक्रेता से लिए सॉफ़्टवेयर के लिए.** Microsoft उचित रूप से लाइसेंसीकृत सॉफ़्टवेयर के लिए सीमित सहायता सेवाएँ प्रदान करता है, जैसा कि (aka.ms/mssupport) पर वर्णित है. यदि आप किसी थोक विक्रेता से सॉफ़्टवेयर खरीदते हैं और धनवापसी चाहते हैं, लेकिन वह आपको उस जगह नहीं मिलती, जहां से आपने सॉफ़्टवेयर हासिल किया था, तो Microsoft की धनवापसी नीतियों के बारे में जानने के लिए Microsoft से संपर्क करें. (aka.ms/msoffices) देखें या उत्तर अमेरिका में, (800) MICROSOFT पर कॉल करें या (aka.ms/nareturns) देखें.

**9 बंधन विवाचन तथा वर्ग कार्रवाई माफी केवल तभी यदि आप संयुक्त राज्य में रहते हैं (या यदि यह एक व्यवसाय है तो यह आपके व्यवसाय का मूल स्थान है) अन्यथा, धारा 9 लागू नहीं होती है.**

हम आशा करते हैं कि हमारा कभी विवाद न हो, लेकिन यदि ऐसा होता है तो आप और हम 60 दिन में इसका सामान्य हल निकालने का प्रयास करेंगे. यदि हम ऐसा नहीं कर पाते हैं, तब आप और हम **आबद्धकारी मध्यस्थता को संघीय मध्यस्थता कानून ("FAA") के तहत अमेरिकन मध्यस्थता एसोसिएशन ("AAA") में ले जाएंगे, और जज या ज्यूरी के सामने नहीं ला जाएंगे**. इसके बजाय, एक तटस्थ मध्यस्थ फैसला करेगा और उसका निर्णय अंतिम होगा. इसका अपवाद केवल FAA के अंतर्गत समीक्षा का सीमित अधिकार होगा. **क्लास एक्शन मुकदमे, क्लास-वाइड मध्यस्थता, निजी एटॉर्नी जनरल एक्शन, और ऐसी किसी भी अन्य कार्रवाई, जहां कोई प्रतिनिधि की भूमिका निभाता है, की अनुमति नहीं है. साथ ही सभी पक्षों की सहमति के बिना व्यक्तिगत कार्यवाइयों के संयोजन की अनुमति भी नहीं है.** "हम," "हमारा," और "हमें" में Microsoft, डिवाइस निर्माता, और सॉफ़्टवेयर स्थापनाकर्ता शामिल हैं.

a. **विवाद में—IP के अलावा सबकुछ शामिल होता है.** "विवाद" शब्द उतना व्यापक है, जितना यह हो सकता है. इसमें आपके और निर्माता या स्थापनाकर्ता, अथवा आपके और Microsoft के बीच का कोई भी दावा या विवाद शामिल है, जिसका संबंध संविदा, वारंटी, नुकसान, कानून या विनियम सहित किसी भी कानूनी सिद्धांत के अंतर्गत सॉफ़्टवेयर, इसके मूल्य, विज्ञापन, विपणन, संचार, आपकी खरीद के लेनदेन, बिलिंग, या इस अनुबंध से है, **सिवाए आपके, आपके लाइसेंसदाताओं के, हमारे या हमारे लाइसेंसदाताओं के बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रवर्तन या वैधता से संबंधित विवादों को छोड़कर.**

b. **सबसे पहले विवाद की सूचना डाक से भेजें.** यदि आपका कोई विवाद है और हमारे ग्राहक सेवा प्रतिनिधि उसे हल नहीं कर सकते हैं, तब निर्माता या स्थापनाकर्ता को U.S. मेल से विवाद का नोटिस भेजें, ATTN: LEGAL DEPARTMENT. यदि आपका विवाद Microsoft से है तो Microsoft Corporation को मेल भेजें, ATTN: CELA ARBITRATION, One Microsoft Way, Redmond, WA 98052-6399. हमें निम्न जानकारी दें - अपना नाम, पता, आपके संपर्क कैसे करना है, क्या समस्या है, और आप क्या चाहते हैं. (aka.ms/disputeform) पर एक प्रपत्र उपलब्ध है. यदि हमारा आपसे कोई विवाद है तो हम भी यही करेंगे. यदि विवाद हल नहीं होता है, तब 60 दिन के बाद, आप या हम मध्यस्थता शुरू कर सकते हैं.

c. **लघु दावेदारी कोर्ट विकल्प.** विवाद की सूचना डाक से भेजने की बजाए, यदि आप कोर्ट की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं तो आप अपने निवास की काउंटी (या अगर एक व्यवसाय है, तो आपके व्यवसाय का मूल स्थान) या व्यवसाय के हमारे मूल स्थान —King County, Washington USA यदि आपका विवाद Microsoft से है— में लघु दावेदारी कोर्ट में हम पर मुकदमा कर सकते हैं.

d. **मध्यस्थता प्रक्रिया.** AAA द्वारा उसके वाणिज्यिक मध्यस्थता नियमों के अंतर्गत मध्यस्थता की जाएगी (या यदि आप इस सॉफ़्टवेयर को व्यक्तिगत रूप से निजी और घरेलू कार्यों में उपयोग करते हैं, अथवा यदि विवाद की राशि $75,000 USD या इससे कम है, तो चाहे आप व्यक्तिगत रूप से इस सॉफ़्टवेयर का इस्तेमाल जिस प्रकार भी करें, आप पर उसके ग्राहक मध्यस्थता नियम लागू होंगे). अधिक जानकारी के लिए, (aka.ms/adr) देखें या 1-800-778-7879 पर कॉल करें. मध्यस्थता प्रारंभ करने के लिए, (aka.ms/arbitration) पर उपलब्ध प्रपत्र AAA सबमिट करें; इसकी एक प्रति निर्माता या स्थापनाकर्ता को (या अगर आपका विवाद Microsoft के साथ है, तो Microsoft को) भेजें. $25,000 USD या उससे कम राशि के विवाद में, हर सुनवाई टेलिफ़ोनिक होगी बशर्ते मध्यस्थ के पास आमने-सामने सुनवाई का कोई बेहतर कारण हो. यदि आपका विवाद Microsoft से है, तब कोई भी व्यक्तिगत सुनवाई आपके अपने निवास की काउंटी (या अगर एक व्यवसाय है, तो आपके व्यवसाय का मूल स्थान) या व्यवसाय के हमारे मूल स्थान —King County, Washington में होगी. आप चुनते हैं. मध्यस्थ एक अदालत के समान ही आपको व्यक्तिगत रूप से क्षतिपूर्ति प्रदान कर सकता है. मध्यस्थ केवल आपको व्यक्तिगत रूप से, और केवल आपके व्यक्तिगत दावे को संतुष्ट करने के लिए घोषणात्मक या निषेधाज्ञा की राहत प्रदान कर सकता है. AAA नियमों के अंतर्गत, विवाचक किसी भी दावे की मध्यस्थता सहित अपने न्यायाधिकार से निर्णय करता है. लेकिन अदालत के पास वर्ग-व्यापी आधार पर या प्रतिनिधित्व की क्षमता में मध्यस्थता पर निषेध लागू करने का विशेष प्राधिकार है.

e. **मध्यस्थता शुल्क और भुगतान**.

(i) **$75,000 USD या उससे कम वाले विवाद**. निर्माता या स्थापनाकर्ता (या Microsoft, यदि आपका विवाद Microsoft से है तो ) तुरंत आपके मामले को दायर करने का शुल्क लौटा देगा, तथा AAA और मध्यस्थ के शुल्क और व्ययों का भी भुगतान करेगा. यदि आप मध्यस्थ की नियुक्ति से पहले किए गए हमारे लिखित समझौते की अंतिम पेशकश को अस्वीकार कर देते हैं, तो आपका विवाद पूरी तरह से मध्यस्थ के निर्णय के आधार पर सुलझाया जाएगा (जिसे "अधिनिर्णय" कहा जाता है), और मध्यस्थ आपको इस अंतिम लिखित पेशकश से अधिक का भुगतान करने का अधिनिर्णय करता है, तो निर्माता या इंस्टालर (या Microsoft, यदि आपका विवाद Microsoft से है तो) निम्न कार्य करेंगे : (1) अधिनिर्णित राशियों में से अधिक राशि या फिर $1,000 USD का भुगतान करेंगे; (2) यदि है तो, वकील की उचित फ़ीस का भुगतान करेंगे; और (3) जांच-पड़ताल, तथा मध्यस्थता के अधीन आपके दावे की तैयारी और अनुकरण करने के कारण आपके वकील द्वारा उचित प्रयोजनों हेतु व्यय की गई किसी भी राशि की प्रतिपूर्ति करेंगे (विशेषज्ञ की गवाही शुल्क तथा लागतों सहित).

(ii) **$75,000 USD से अधिक वाले विवाद.** AAA के नियम फ़ाइलिंग शुल्क और AAA और मध्यस्थ के शुल्क और खर्च के भुगतान को अधिशासित करेंगे.

f. **एक वर्ष के भीतर दायर करना अनिवार्य.** आपको और हमें किसी भी दावे या विवाद में (बौद्धिक संपत्ति विवाद को छोड़कर—धारा 9.a देखें) इसे दायर किए जाने के एक वर्ष की अवधि में लघु दावेदारी कोर्ट या मध्यस्थता फ़ाइल करनी चाहिए. अन्यथा, इस पर स्थायी रूप से रोक लगा दी गई है.

g. **विच्छेदनीयता**. यदि धारा 9 (बंधन विवाचन तथा वर्ग कार्रवाई माफी) का कोई भी भाग गैरकानूनी या अप्रवर्तनीय पाया जाता है, तो शेष प्रभावी रहेगा (कोई भी अदालती कार्रवाई आरंभ होने से पूर्व मध्यस्थता अवार्ड जारी करने सहित), सिवाए

इसके कि अगर आंशिक अवैधता या अप्रवर्तनीयता के परिणाम स्वरूप वर्ग-व्यापी या प्रतिनिधि मध्यस्थता की अनुमति होगी, तो धारा 9 अपनी संपूर्णता में अप्रवर्तनीय हो जाएगी.

h. **AAA नियमों के साथ विवाद.** यदि यह अनुबंध AAA के वाणिज्यिक मध्यस्थता नियमों या उपभोक्ता मध्यस्थता नियमों के साथ विरोध में है, तो उस सीमा को अधिशासित करता है.

i. **तृतीय-पक्ष लाभार्थी के रूप में Microsoft.** यदि Microsoft डिवाइस का निर्माता है या आपने किसी थोक विक्रेता से सॉफ़्टवेयर हासिल किया है, तब इस अनुबंध में Microsoft एक पक्ष है. अन्यथा, Microsoft की भूमिका किसी पक्ष की नहीं, बल्कि निर्माता या स्थापनाकर्ता के साथ आपके अनुबंध में एक तृतीय-पक्ष लाभग्राही की है, और वह अनौपचारिक बातचीत और मध्यस्थता द्वारा विवादों को सुलझाने के दायित्व का वहन करेगा.

10 **अ?ध?ि?श?ा?स?ी? क?ा?न?ू?न?.** सॉफ़्टवेयर, इसकी कीमत, या इस अनुबंध से संबंधित सभी दावे तथा विवाद, जिसमें अनुबंध के भंग होने संबंधी दावे तथा अनुचित लाभ और क्षति पहुंचाने के लिए देश के उपभोक्ता सुरक्षा क़ानून, अनुचित प्रतिस्पर्धा क़ानून, निहित वारंटी क़ानून के अंतर्गत किए गए दावे आपके राज्य या देश/क्षेत्र (या, अगर आप एक व्यवसाय है, तो वह स्थान जहाँ आपके व्यवसाय का मूल स्थान है) के कानून द्वारा नियंत्रित होंगे, कानून सिद्धांतों के विरोधों पर ध्यान दिए बिना, इस बात को छोड़कर कि FAA, मध्यस्थता से संबंधित सभी प्रावधानों को नियंत्रित करती है.

11 **नेटवर्क, डेटा और इंटरनेट उपयोग.** सॉफ़्टवेयर के माध्यम से पहुंच प्राप्त की गई सॉफ़्टवेयर और सेवाओं की कुछ सुविधाओं के लिए आपके डिवाइस को इंटरनेट तक पहुंचने की आवश्यकता हो सकती है. आपकी पहुंच और उपयोग (शुल्कों सहित) आपके सेल्युलर या इंटरनेट प्रदाता अनुबंध की शर्तों के अधीन होगा. सॉफ़्टवेयर की कुछ सुविधाएँ इंटरनेट तक अधिक प्रभावी तरीके से पहुंचने में मदद कर सकती हैं लेकिन सॉफ़्टवेयर के उपयोग परिकलन आपके सेवा प्रदाता के मापदंड से अलग हो सकते हैं. आप (i) अपने स्वयं की योजनाओं और अनुबंध की शर्तों को समझने और पूरा करने, तथा (ii) सार्वजनिक/मुक्त नेटवर्क सहित किसी भी नेटवर्क का उपयोग करने या उस तक पहुंचने से उत्पन्न सभी समस्याओं के लिए सदैव उत्तरदायी होते हैं. आप नेटवर्क से कनेक्ट होने और उन नेटवर्क के बारे में पहुंच जानकारी साझा करने के लिए सॉफ़्टवेयर का उपयोग कर सकते हैं, केवल तब जब आपके पास ऐसा करने की अनुमति हो.

12 **सीमित अधिकार संस्करण.** यदि आपके द्वारा प्राप्त किए गए सॉफ़्टवेयर संस्करण को विशिष्ट या सीमित उपयोग के लिए चिह्नित किया गया है या इस उद्देश्य के लिए बनाया गया है, तो आप उसका विशिष्ट उपयोग ही कर पाएंगे. हो सकता है कि आप सॉफ़्टवेयर के निम्न संस्करणों का उपयोग व्यावसायिक, गैर-लाभ, या आय-अर्जन गतिविधियों के लिए उपयोग न कर सकें.

a. **शैक्षणिक या विश्वविद्यालय.** शैक्षणिक उपयोग के लिए खरीदी के समय आपका छात्र या किसी शैक्षणिक संस्थान का फैकल्टी अथवा स्टाफ़ होना जरूरी है.

b. **घरेलू और विद्यार्थी.**

c. **सैनिक उपयोग.**"सैनिक उपयोग" संस्करण के रूप में चिह्नित सॉफ़्टवेयर का लाइसेंस लेने के लिए आपको एक "योग्य सैनिक उपयोगकर्ता" होना आवश्यक है. एक योग्य सैनिक उपयोगकर्ता होने के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका में, लागू अमेरिकी फ़ेडरल विधानों व विनियमों के अंतर्गत आपको सैन्य सेवाओं के एक्सचेंज का एक अधिकृत पैट्रन होना चाहिए.

d. **कैनेडियन सेना.** "कैनेडियन सेना" संस्करण के रूप में चिह्नित सॉफ़्टवेयर का लाइसेंस लेने के लिए आपको एक "CANEX अधिकृत पैट्रन" होना आवश्यक है. CANEX अधिकृत पैट्रन हैं:

•सशस्त्र बल (CAF) सदस्य (नियमित और रिजर्व बल) और उनके परिवार;

•सेवानिवृत (CAF के पूर्व सदस्य) और उनके परिवार, मृतक के परिजनों सहित;

•विदेशी सेना के सदस्य जो वर्तमान में CAF में सेवारत हैं और उनके परिवार;

•नॉन-पब्लिक फंड का वर्तमान स्टाफ़, कैनेडियन फ़ोर्स (NPF, CF);

•सैन्य परिवार संसाधन केंद्रों (MFRC) का वर्तमान स्टाफ़;

•राष्ट्रीय रक्षा विभाग (DND) के सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार;

•रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (RCMP) के सेवारत और पूर्व कर्मचारी और उनका परिवार;

•रक्षा अनुसंधान एवं विकास कनाडा (DRDC) का वर्तमान स्टाफ़ और उनके परिवार;

•रक्षा निर्माण कनाडा (DCC) का वर्तमान स्टाफ़ और उनके परिवार;

•मानद कर्नल / कैप्टन (एन), लेफ्टिनेंट कर्नल / कमांडर और उनके परिवार;

•NPF, CF स्टाफ के परिवार के सदस्य; या

•MFRC के परिवार के सदस्य.

13 **उपभोक्ता अधिकार; क्षेत्रीय विविधताएं.** यह अनुबंध कतिपय कानूनी अधिकारों का वर्णन करता है। आपके राज्य या देश के क़ानून के अंतर्गत, उपभोक्ता अधिकार सहित, आपको अन्य अधिकार प्राप्त हो सकते हैं. आपने जिस पार्टी से सॉफ़्टवेयर प्राप्त किया है, उसके अनुसार भी आपको अधिकार प्राप्त हो सकते हैं. यदि आपके देश या राज्य का क़ानून उसे ऐसा करने की अनुमति नहीं देते, तो यह अनुबंध उन अन्य अधिकारों को नहीं बदलता. उदाहरण के लिए, यदि आप नीचे दिए किसी क्षेत्र में सॉफ़्टवेयर हासिल करते हैं, या अनिवार्य देश कानून लागू होता है, तब आप पर निम्न प्रावधान लागू होते हैं:

a. **ऑस्ट्रेलिया.** “सीमित वारंटी” के संदर्भ, Microsoft या निर्माता या स्थापनाकर्ता द्वारा प्रदान की जाने वाली एक्सप्रेस वारंटी के संदर्भ हैं. यह वारंटी कानून के तहत अन्य अधिकार और प्रतिकार के अलावा दी जाती है, आपके अधिकार और प्रतिकार सहित ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता कानून के तहत उपभोक्ता गारंटी के अनुसार. इस अनुबंध में कुछ भी उन अधिकारों और प्रतिकारों को सीमित नहीं करता है या उनमें कोई बदलाव नहीं करता है. विशेष तौर पर:

   (i) धारा 8 में उल्लिखित Microsoft की सहायता और राशि लौटाने संबंधी नीतियां ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता कानून के अध्यधीन हैं;

   (ii) ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता कानून की उपभोक्त गारंटी धारा 16 में वर्णित सॉफ़्टेवयर के मूल्यांकन और परीक्षण पर लागू होती है;

   (iii) ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता कानून की उपभोक्त गारंटी सॉफ़्टेवयर पर लागू होती है, चाहे 'सीमित वारंटी' शीर्षक वाली धारा में स्पष्ट और निहित वारंटी का बहिष्करण ही शामिल क्यों ना हो; और

   (iv) 'सीमित वारंटी' शीर्षक वाली धारा में क्षति का बहिष्करण और प्रतिकार की सीमा ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता कानून की उपभोक्त गारंटी और उनके तहत आपके अधिकारों तथा प्रतिकारों पर लागू नहीं होती है.

   ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता कानून के तहत आपके अधिकारों के संबंध में और अधिक जानकारी के लिए, (aka.ms/acl) में दिया दस्तावेज देखें.

इस अनुच्छेद में, "उत्पाद" का संदर्भ सॉफ्टवेयर से है, जिसके लिए Microsoft या निर्माता या स्थापनाकर्ता एक्सप्रेस वारंटी प्रदान करता है. ह?म?ा?र?े? उ?त?्?प?ा?द?ो?ं? प?र? व?े? स?भ?ी? ग?ा?र?ं?ट?ी? ल?ा?ग?ू? ह?ो? त?ी? ह?ै?ं?, ज?ि?न?्?ह?े?ं? ऑ?स?्?ट?्?र?े?ल?ि?य?ा?ई? उ?प?भ?ो?क?्?त?ा? क?़?ा?न?ू? न? क?े? त?ह?त? ब?ह?ि?ष?्?क?ृ?त? न?ह?ी?ं? क?ि?य?ा? ज?ा? स?क?त?ा?. आप एक बड़ी विफलता के लिए प्रतिस्थापन या धन-वापसी के और किसी भी अन्य अत्यधिक निकटस्थ नुकसान या क्षति के लिए क्षतिपूर्ति के हकदार हैं. यदि उत्पाद स्वीकार्य गुणवत्ता की कसौटी पर विफल हो जाते हैं और विफलता काफ़ी बड़ी होती है, तो भी आप उत्पाद की मरम्मत करवाने या उसे बदलवाने के अधिकारी हैं.

b. **कनाडा.** इंटरनेट पहुंच बंद करके आप अपनी डिवाइस पर अद्यतन प्राप्त करना बंद कर सकते हैं. यदि और जब आप इंटरनेट से पुनः जुड़ते हैं, तब सॉफ़्टवेयर जांचना शुरू करेगा और अद्यतन इंस्टॉल करेगा.

c. **यूरोपीय संघ.**संभव है कि उपरोक्त “सीमित अधिकार संस्करण, शैक्षिक या विश्वविद्यालय” शीर्षक वाली धारा में शैक्षणिक उपयोग के प्रतिबंध आप पर लागू न हों. उपयोग संबंधी आपके अधिकार स्थानीय कानूनों पर आधारित होंगे, जो t बदल भी सकते हैं.

d. **जर्मनी और ऑस्ट्रिया.**

(i) **वारंटी.** सही ढंग से लाइसेंसीकृत सॉफ़्टवेयर अधिकतम सीमा तक ठीक वैसे ही काम करेगा, जैसा कि सॉफ़्टवेयर के साथ प्रदान की जाने वाली Microsoft सामग्री में वर्णित है. हालांकि, निर्माता या स्थापनाकर्ता, और Microsoft, लाइसेंस प्राप्त सॉफ़्टवेयर के संबंध में कोई समझौते के तौर पर कोई गारंटी प्रदान नहीं करते.

(ii) **दायित्व की सीमा**. जानबूझकर आचरण, बड़ी लापरवाही, उत्पाद दायित्व अधिनियम के आधार पर किए गए दावों के साथ ही मृत्यु या शारीरिक क्षति की स्थिति में निर्माता या स्थापनाकर्ता, या Microsoft वैधानिक कानून के आधार पर जिम्मेदार होंगे.

पूर्ववर्ती वाक्य के संदर्भ में, निर्माता या स्थापनाकर्ता, या Microsoft मामूली लापरवाही के लिए केवल तभी जिम्मेदार होंगे, जब यदि इन पक्षों ने ऐसे सामग्री संविदात्मक दायित्वों का उल्लंघन किया है, जिनकी पूर्ति होने पर इस अनुबंध का प्रदर्शन पूरा होता, जिसके उल्लंघन से इस अनुबंध का उद्देश्य और अनुपालन जोखिम में पड़ता है, जिस पर एक पक्ष लगातार विश्वास कर सकता है (तथाकथित "कार्डिनल दायित्वों"). मामूली लापरवाही के अन्य मामलों में निर्माता या स्थापनाकर्ता या Microsoft इसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे.

e. **जापान.** यदि आप जापान में रहते हैं, या जापान में रहते हुए आपने सॉफ़्टवेयर फुटकर विक्रेता से स्टैंड अलोन सॉफ़्टवेयर के रूप में प्राप्त किया था, तो हम अपने लाइसेंसों के तहत आपको निम्न अधिकार प्रदान करते हैं बशर्तेकि आप इस अनुबअंध की सभी शर्तों का पालन करते हैं: आप पहली लाइसेंसीकृत डिवाइसे के लाइसेंसीकृत उपयोगकर्ता के तौर पर अपने प्रयोग के लिए दूसरी लाइसेंसीकृत डिवाइस पर सॉफ़्टवेयर की दूसरी प्रति को स्थापित भी कर सकते हैं और उसका प्रयोग भी कर सकते हैं. यदि आपने जापान में रहते हुए सॉफ़्टवेयर प्राप्त किया था और आपने सॉफ़्टवेयर को डिवाइस पर पहले से स्थापित किए रूप में प्राप्त किया था, तो आप office.com/backup से सॉफ़्टवेयर की बैकअप प्रति डाउनलोड कर सकते हैं, और आप उस बैकअप प्रति को उक्त लाइसेंसीकृत डिवाइस पर सॉफ़्टवेयर को पुन:स्थापित करने के उद्देश्य के लिए पूरी तरह से प्रयोग कर सकते हैं.

14 **घरेलू उपयोग कार्यक्रम.** आपको “घरेलू प्रयोग प्रोग्राम” के रूप में निर्दिष्ट सॉफ़्टेवयर का प्रयोग करने के लिए “घरेलू प्रयोग प्रोग्राम उपयोगकर्ता” होना चाहिए. घरेलू प्रयोग प्रोग्राम उपयोगकर्ता होने के लिए, आपको दोनों होना चाहिए:

- उस संगठन का कर्मचारी होना चाहिए जिसके पास सक्रिय सॉफ़्टवेयर एश्योरेंस के साथ Microsoft सामूहिक लाइसेंस अनुबंध है या पूर्व में उसके पास सॉफ़्टवेयर एश्योरेंस थी और वह कतिपय मानदंड पूरे करता था; और

- सक्रिय सॉफ़्टवेयर एश्योरेंस के साथ इस सॉफ़्टवेयर, या ऐसे प्रॉडक्ट जिसमें यह सॉफ़्टवेयर शामिल हो, की एक लाइसेंसीकृत प्रति के उपयोगकर्ता जो इसके सामूहिक लाइसेंस अनुबंध के तहत आपके नियोक्ता को लाइसेंसीकृत है.

यदि आप इस संबंध में कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं कि आप घरेलू प्रयोग प्रोग्राम उपयोगकर्ता के तौर पर योग्य है या नहीं, तो अपने नियोक्ता से संपर्क करें.

15 **भाषा पैक और प्रूफ़िंग टूल.** यदि आप कोई भाषा पैक, या प्रूफ़िंग टूल खरीदते हैं, जो सॉफ़्टवेयर के लिए अतिरिक्त भाषा संस्करण का समर्थन प्रदान करता है, तो आप उस पैक या टूल में शामिल अतिरिक्त भाषाओं का उपयोग कर सकते हैं. भाषा पैक और प्रूफ़िंग टूल सॉफ़्टवेयर का हिस्सा होते हैं और उनका अलग से उपयोग नहीं किया जा सकता.

16 **मूल्यांकन और परीक्षण.** मूल्यांकन (या टेस्ट अथवा प्रदर्शन) उपयोग के लिए, आप सॉफ़्टवेयर बेच नहीं सकते हैं (ऐसा सॉफ़्टवेयर भी शामिल है जो “NFR” या “नॉट फ़ॉर रीसेल” के रूप में चिह्नित है), या मूल्यांकन अवधि के बाद इसका उपयोग नहीं कर सकते हैं.  मूल्यांकन (या टेस्ट अथवा प्रदर्शन) सॉफ़्टवेयर का उपयोग लाइव ऑपरेटिंग परिवेश में नहीं किया जा सकता. कुछ सॉफ़्टवेयर को परीक्षण के आधार पर लायसेंसीकृत किया जा सकता है. परीक्षण सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने के आपके अधिकार परीक्षण अवधि तक ही सीमित हैं. परीक्षण सॉफ़्टवेयर और परीक्षण की अवधि डाउनलोड या सक्रियण प्रक्रिया के दौरान निर्धारित किए जाते हैं. आपके पास अपने परीक्षण अधिकार को सदस्यता या स्थायी अधिकार में परिवर्तित करने का विकल्प हो सकता है, यदि परीक्षण अवधि की समाप्ति पर आपके लिए ऐसा विकल्प प्रस्तुत किया गया हो. परीक्षण अवधि के समाप्त होने पर रूपांतरण किए बिना, परीक्षण सॉफ़्टवेयर की ज़्यादातर सुविधाओं का चलना बंद हो जाएगा. **मूल्यांकन और परीक्षण सॉफ़्टवेयर "जैसा है" के आधार पर लाइसेंसीकृत किए जाते हैं, और सॉफ़्टवेयर की गुणवत्ता और प्रदर्शन का पूरा जोखिम आपका होता है. सॉफ़्टवेयर में दोष होने पर उसकी मरम्मत या दुरुस्ती पर आने वाले सारे खर्च के भुगतान के लिए सिर्फ़ आप ज़िम्मेदार होंगे. Microsoft कोई स्पष्ट वारंटियाँ, गारंटियां या शर्तें नहीं देता. आपके पास अपने स्थानीय क़ानूनों के अंतर्गत अतिरिक्त उपभोक्ता अधिकार हो सकते हैं, जिन्हें यह अनुबंध बदल नहीं सकता. आपके स्थानीय कानूनों की अनुमति की सीमा तक Microsoft, वाणिज्यिकता, किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए उपयुक्तता और गैर-उल्लंघन के लिए निहित वारंटियों को इससे बाहर रखता है.**

17 **अधिकारों की सुरक्षा और प्रतिक्रिया.** इस अनुबंध के अंतर्गत व्यक्त रूप से प्रदान की गई बातों के अलावा, Microsoft आपको किसी भी प्रकार का लाइसेंस या किसी भी पेटेंट, ज्ञान, कॉपीराइट, व्यापारिक रहस्य, ट्रेडमार्क, या अन्य बौद्धिक संपदा, जिसका स्वामित्व या नियंत्रण Microsoft या अन्य संबंधित निकाय के पास है, के अंतर्गत कोई अन्य अधिकार प्रदान नहीं करता, इनमें कोई भी नाम, ट्रेड ड्रेस, लोगो या समतुल्य शामिल है, पर यही सीमित नहीं है. यदि आप Microsoft को कोई भी राय, प्रस्ताव, सुझाव या प्रतिक्रिया, इनमें बिना किसी सीमा के नए उत्पाद, प्रौद्योगिकियाँ, प्रचार, उत्पाद नाम, उत्पाद प्रतिक्रियाएँ और उत्पाद सुधार के लिए उपाय शामिल हैं, (“प्रतिक्रिया”) प्रदान करते हैं, तो आप बिना किसी शुल्क, रॉयल्टी या अपने प्रति बाध्यता के Microsoft को आपकी प्रतिक्रिया का किसी भी तरीके या किसी भी उद्देश्य के लिए बनाने, बनाए गए, व्युत्पन्न कार्यों को बनाने, उपयोग करने, साझा करने और वाणिज्यिक करने का अधिकार देते हैं. आप ऐसी कोई प्रतिक्रिया नहीं देंगे, जिसके फलस्वरूप Microsoft को किसी भी तृतीय पक्ष को अपने सॉफ़्टवेयर या दस्तावेज़ या सेवाओं का लाइसेंस देना पड़े अथवा तृतीय पक्षों को अपनी सेवाएँ प्रदान करनी पड़े, क्योंकि हम उनमें आपकी प्रतिक्रिया शामिल करते हैं.

18 **\uc1संपूर्ण अनुबंध।** यह अनुबंध (मुद्रित पेपर पर लाइसेंस की शर्तें या निर्माता या इंस्टॉलर, या Microsoft द्वारा प्रदान किए गए और आपके द्वारा उपयोग किए जा रहे सॉफ़्टवेयर पूरकों, उन्नयनों, अद्यतनों, और सेवाओं के साथ प्राप्त हुई शर्तों सहित), और इस अनुबंध में सूचीबद्ध वेब लिंकों में निहित शर्तें, इस सॉफ़्टवेयर और किसी भी पूरकों, उन्नयनों, अद्यतनों, और सेवाओं के लिए पूर्ण अनुबंध है (जबतक कि निर्माता या इंस्टॉलर, या Microsoft द्वारा इन पूरकों, उन्नयनों, अद्यतनों, और सेवाओं के लिए अन्य शर्तें न दी गई हों). आपका सॉफ़्टवेयर चलने के बाद (aka.ms/useterms) पर जाकर या सॉफ़्टवेयर के भीतर फ़ाइल - खाता - इसके बारे में, पर जाकर आप इस अनुबंध की समीक्षा कर सकते हैं. आप सॉफ़्टवेयर के चलाए जाने के बाद ब्राउज़र के पता बार में URL टाइप करके भी इस अनुबंध में किसी भी लिंक से शर्तों की समीक्षा कर सकते हैं, और आप ऐसा करने के लिए

सहमत होते हैं. आप सहमत होते हैं कि आप सॉफ़्टवेयर या सेवाओं का उपयोग करने से पहले शर्तों को पढ़ेंगे जिसमें सभी संबद्ध शर्तें भी शामिल हैं. आप समझते हैं कि इस सॉफ़्टवेयर और सेवाओं का उपयोग करके, आप इस अनुबंध और लिंक की गई शर्तों को सत्यापित करते हैं. इस अनुबंध में सूचनात्मक लिंक भी दिए गए हैं. नोटिस और बाध्यकारी शर्तों वाली लिंक्स यहां दी गई हैं:

- Microsoft गोपनीयता कथन (aka.ms/privacy)

- Microsoft सेवा अनुबंध (aka.ms/msa)

*********************************************************************

## सीमित वारंटी – डिवाइस निर्माता/इंस्टालर

डिवाइस निर्माता या इंस्टॉलर इसकी वारंटी देता है कि सही ढंग से लाइसेंसीकृत सॉफ़्टवेयर अधिकतम सीमा तक ठीक वैसे ही काम करेगा, जैसा कि सॉफ़्टवेयर के साथ प्रदान की जाने वाली Microsoft सामग्री में वर्णित है. यदि आपको इस सीमित वारंटी की 90-दिन की अवधि के दौरान सीधे Microsoft द्वारा अद्यतन या पूरक प्राप्त होते हैं, तो Microsoft उनके लिए यह सीमित वारंटी प्रदान करता है. इस सीमित वारंटी में आपके द्वारा उत्पन्न की जाने वाली समस्याएं, हमारे निर्देशों का ठीक से पालन न करने पर होने वाली समस्याएं, या फिर ऐसी समस्याएं शामिल नहीं है, जो निर्माता या इंस्टॉलर अथवा Microsoft के उचित नियंत्रण के परे समझे जाने वाले कारकों के फलस्वरूप होती हैं. सीमित वारंटी तब शुरू होती है, जब आपके सॉफ़्टवेयर की प्रति का सबसे पहला उपयोगकर्ता उसे हासिल करता है, और यह 90 दिन तक कायम रहती है. इसमें उस 90-दिवसीय अवधि के दौरान निर्माता या इंस्टॉलर, अथवा Microsoft की ओर से आपको प्राप्त होने वाले, कोई भी पूरक, अद्यतन, या रीप्लेसमेंट सॉफ़्टवेयर भी शामिल हैं, लेकिन केवल उस 90 दिन की अवधि के शेष समय तक या फिर 30 दिन तक, इनमें से जिसकी भी अवधि अधिक हो. सॉफ़्टवेयर लायसेंस को स्थानांतरित करने से सीमित वारंटी का समय नहीं बढ़ेगा.

निर्माता या इंस्टॉलर और Microsoft कोई अन्य स्पष्ट वारंटी, गारंटी, या शर्तें प्रदान नहीं करते. **निर्माता अथवा इंस्टॉलर, और Microsoft, वाणिज्यिकता, किसी खास उद्देश्य के लिए उपयुक्तता, तथा उल्लंघन न करने के संबंध में सभी निहित वारंटियों और शर्तों का बहिष्करण करते हैं. यदि आपका स्थानीय क़ानून निहित वारंटियों के बहिष्करण की अनुमति नहीं देता तो कोई भी निहित वारंटी, गारंटी या शर्तें केवल सीमित वारंटी की अवधि तक कायम रहेंगी और उतनी ही सीमित होंगी, जितनी आपका स्थानीय क़ानून अनुमति देता है. यदि आपके स्थानीय क़ानून के तहत अपेक्षाकृत लंबी अवधि की सीमित वारंटी आवश्यक है, तो इस अनुबंध के बावजूद, लंबी समय अवधि लागू होगी, लेकिन तब भी आप केवल उन्हीं प्रतिकारों के हकदार होंगे, जिनकी इस अनुबंध में अनुमति है.**

यदि निर्माता या इंस्टॉलर, या Microsoft सीमित वारंटी को भंग करता है, तो वह, अपने विवेक के अनुसार, या तो: (i) बिना किसी शुल्क के सॉफ़्टवेयर की दुरुस्ती या बदली करेगा, या (ii) सॉफ़्टवेयर (या अपने विवेक के अनुसार, डिवाइस, जिस पर सॉफ़्टवेयर प्री-इंस्टॉल किया गया था) के लिए अदा की गई राशि, यदि कोई हो तो, लौटा देगा. निर्माता या इंस्टॉलर (या यदि आपने उन्हें सीधे Microsoft से खरीदा है, तो Microsoft), पूरकों, अद्यतनों तथा रीप्लेसमेंट सॉफ़्टवेयर को दुरुस्त कर अथवा बदल भी सकते हैं, या उत्पाद के लिए चुकाई गई राशि, यदि है तो, लौटा भी सकते हैं. इस सीमित वारंटी के भंग होने पर आपके लिए केवल यही प्रतिकार उपलब्ध हैं. यदि आप Microsoft से कोई क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के अधिकारी हैं, तो आप प्रत्यक्ष क्षतियों के लिए केवल इस सॉफ़्टवेयर के लिए चुकाई गई राशि (या यदि आपने सॉफ़्टवेयर बिना किसी शुल्क के प्राप्त किया था, तो $50 USD तक) के ही हकदार होंगे.धनवापसी के लिए, **आपको खरीद के प्रमाण की एक प्रति प्रदान करनी होगी तथा निर्माता या इंस्टॉलर की वापसी नीतियों का पालन करना होगा. यदि आपको डिवाइस के साथ प्रदान किया गया था, तो उत्पाद कुंजी के साथ-साथ मूल असली विश्वसनीयता प्रमाणपत्र लेबल भी डिवाइस में संलग्न होना चाहिए.**

**निर्माता या इंस्टॉलर, या Microsoft द्वारा आपको दिए जा सकने वाले रिपेयर, रिप्लेसमेंट, या रीफंड को छोड़कर, आप, अनुषांगिक, लाभ, हानि, विशेष, अप्रत्यक्ष, दंडात्मक या आकस्मिक क्षतियों की सीमा के बिना भी अन्य कोई भी क्षतिपूर्ति पुनर्प्राप्त नहीं कर सकते.** इस अनुबंध के क्षति-संबंधी बहिष्करण तथा उपाय सीमाएं तब भी लागू होंगे जब दुरुस्ती, बदलने या धनवापसी से आपके नुकसान की पूरी भरपाई नहीं होती, या तब भी जब निर्माता या इंस्टॉलर, या Microsoft को ऐसी क्षतियों की पूर्व जानकारी रही हो या होनी चाहिए थी, या उपाय इसके अनिवार्य उद्देश्य में नाकाम रहे. कुछ राज्य और देश आकस्मिक, परिणामी, या अन्य क्षतियों के बहिष्करण या परिसीमन की अनुमति नहीं देते, इसलिए हो सकता है कि वे सीमाएँ या बहिष्करण आप पर लागू न हों. **यदि आपका स्थानीय क़ानून आपको निर्माता या इंस्टॉलर, या Microsoft से क्षतिपूर्ति हासिल करने की अनुमति देता है, भले ही यह अनुबंध ऐसा करने की अनुमति नहीं देता, तो भी आप सॉफ़्टवेयर की कीमत से ज़्यादा क्षतिपूर्ति के हकदार नहीं होंगे (या यदि आपने सॉफ़्टवेयर बिना किसी शुल्क के प्राप्त किया था, तो $50 USD तक).**

## वारंटी प्रक्रियाएं

सेवा या रिफंड के लिए, आपको खरीदी के प्रमाण की एक प्रति उपलब्ध करानी होगी और निर्माता या इंस्टॉलर की रिटर्न पॉलिसी का अनुपालन करना होगा, जिसके लिए आपको संपूर्ण डिवाइस सहित सॉफ़्टवेयर लौटाना की अपेक्षा हो सकती है जिस पर वह सॉफ़्टवेयर इंस्टॉल है, उसे लौटाने की जरूरत हो सकती है;;प्रोडक्ट की (यदि आपके डिवाइस के साथ प्रदान की गई हो) के साथ ही प्रामाणिकता लेबल वाला सर्टिफिकेट उससे जुड़ा होना चाहिए.

निर्माता या इंस्टॉलर से आपके डिवाइस के साथ उपलब्ध कराए गए पते या टोल फ्री टेलीफ़ोन नंबर पर संपर्क करके पता लगाएं कि सॉफ़्टवेयर के लिए वारंटी सेवा कैसे प्राप्त करें. यदि Microsoft आपका डिवाइस का निर्माता है या आपने किसी रिटेलर से सॉफ़्टवेयर हासिल किया है, तो Microsoft से यहाँ संपर्क करें:

1 **<u>युनाइटेड स्टेट्स और कनाडा</u>**. युनाइटेड स्टेट्स या कनाडा में खरीदे गए सॉफ़्टवेयर हेतु सीमित वारंटी सेवा या धनवापसी प्राप्त करने का तरीका जानने के लिए, Microsoft से (800) MICROSOFT पर टेलीफ़ोन द्वारा संपर्क करें; या फिर One Microsoft Way, Redmond, WA 98052-6399 पर Microsoft ग्राहक सेवा व समर्थन से संपर्क करें; अथवा (aka.ms/nareturns) पर जाएं.

2 **<u>यूरोप, मध्य पूर्व व अफ़्रीका</u>**. यदि आपने यह सॉफ़्टवेयर यूरोप, मध्य पूर्व या अफ़्रीका में ख़रीदा है, तो Microsoft Ireland Operations Limited सीमित वारंटी प्रदान करता है. सीमित वारंटी के तहत कोई भी दावा करने के लिए, आपको या तो Microsoft Ireland Operations Limited, Customer Care Centre, Atrium Building Block B, Carmanhall Road, Sandyford Industrial Estate, Dublin 18, Ireland से संपर्क करना होगा, या फिर आपके देश में सेवा प्रदान करने वाले Microsoft सहभागी से संपर्क करना होगा (aka.ms/msoffices).

3 <u>ऑस्ट्रेलिया.</u> यदि आपने यह सॉफ़्टवेयर ऑस्ट्रेलिया में खरीदा था, तो कोई भी दावा करने के लिए Microsoft से 13 20 58 पर; अथवा Microsoft Pty Ltd, 1 Epping Road, North Ryde NSW 2113 Australia पर संपर्क करें.

4 **<u>अन्य देश.</u>** यदि आपने यह सॉफ़्टवेयर किसी अन्य देश में खरीदा था, तो आपके देश में सेवा प्रदान करने वाले Microsoft सहभागी से संपर्क करें (aka.ms/msoffices).

*************************************************************************

## सीमित वारंटी – रीटेल

Microsoft इसकी वारंटी देता है कि सही ढंग से लाइसेंसीकृत सॉफ़्टवेयर अधिकतम सीमा तक ठीक वैसे ही काम करेगा, जैसा कि सॉफ़्टवेयर के साथ प्रदान की जाने वाली Microsoft सामग्री में वर्णित है. इस सीमित वारंटी में आपके द्वारा उत्पन्न की जाने वाली समस्याएं, या हमारे निर्देशों का ठीक से पालन न करने पर होने वाली समस्याएं, या फिर ऐसी समस्याएं शामिल नहीं है, जो Microsoft के उचित नियंत्रण के परे समझे जाने वाले कारकों के फलस्वरूप होती हैं. सीमित वारंटी तब शुरू होती है, जब आपके

सॉफ़्टवेयर की प्रति का सबसे पहला उपयोगकर्ता उसे हासिल करता है, और यह एक वर्ष तक कायम रहती है. इसमें उस वर्ष के दौरान Microsoft की ओर से आपको प्राप्त होने वाले, कोई भी पूरक, अद्यतन, या रीप्लेसमेंट सॉफ़्टवेयर भी इसमें शामिल हैं, लेकिन केवल उस वर्ष की शेष अवधि तक या फिर 30 दिन तक, चाहे इनमें से जिसकी भी अवधि लंबी हो. सॉफ़्टवेयर को स्थानांतरित करने से सीमित वारंटी का समय नहीं बढ़ेगा.

Microsoft और कोई भी व्यक्त वारंटी, गारंटी या शर्तें प्रदान नहीं करता. **Microsoft वाणिज्यिकता, किसी विशेष उद्देश्य हेतु उपयुक्तता, तथा उल्लंघन न करने के संबंध में दी जाने वाली वारंटियों सहित सभी निहित वारंटियों और शर्तों का बहिष्करण करता है. यदि आपका स्थानीय क़ानून निहित वारंटियों के बहिष्करण की अनुमति नहीं देता तो कोई भी निहित वारंटी, गारंटी या शर्तें केवल सीमित वारंटी की अवधि तक कायम रहेंगी और उतनी ही सीमित होंगी, जितनी आपका स्थानीय क़ानून अनुमति देता है. यदि आपके स्थानीय क़ानून के तहत अपेक्षाकृत लंबी अवधि की सीमित वारंटी आवश्यक है, तो इस अनुबंध के बावजूद, लंबी समय अवधि लागू होगी, लेकिन तब भी आप केवल उन्हीं प्रतिकारों के हकदार होंगे, जिनकी इस अनुबंध में अनुमति है.**

यदि Microsoft इस वारंटी को भंग करता है, तो निम्न में से कोई गतिविधि होगी: (i) बिना किसी शुल्क के सॉफ़्टवेयर की दुरुस्ती या बदली करेगा, या (ii) सॉफ़्टवेयर (या चुनाव के समय Microsoft ब्रांडेड डिवाइस, जिस पर सॉफ़्टवेयर प्री-इंस्टॉल किया गया था) के लिए अदा की गई राशि, यदि कोई हो तो, लौटा देगा. **इस सीमित वारंटी के भंग होने पर आपके लिए केवल यही प्रतिकार उपलब्ध हैं.** यह सीमित वारंटी आपको विशिष्ट कानूनी अधिकार प्रदान करती है, और आपके अन्य अधिकार भी हो सकते हैं जो अलग-अलग राज्यों में या अलग-अलग देशों में भिन्न हो सकते हैं.

**Microsoft द्वारा आपको दिए जा सकने वाले रिपेयर, रिप्लेसमेंट, या रीफंड को छोड़कर, आप, अनुषांगिक, लाभ, हानि, विशेष, अप्रत्यक्ष, दंडात्मक या आकस्मिक क्षतियों की सीमा के बिना भी अन्य कोई भी क्षतिपूर्ति पुनर्प्राप्त नहीं कर सकते हैं.** इस अनुबंध के क्षति-संबंधी बहिष्करण तथा उपाय सीमाएं तब भी लागू होंगे जब दुरुस्ती, बदलने या धनवापसी से आपके नुकसान की पूरी भरपाई नहीं होती, या तब भी जब Microsoft को ऐसी क्षतियों की पूर्व जानकारी रही हो या होनी चाहिए थी, या उपाय इसके अनिवार्य उद्देश्य में नाकाम रहे. कुछ राज्य और देश आकस्मिक, परिणामी, या अन्य क्षतियों के बहिष्करण या परिसीमन की अनुमति नहीं देते, इसलिए हो सकता है कि वे सीमाएँ या बहिष्करण आप पर लागू न हों. **यदि आपका स्थानीय क़ानून आपको Microsoft से क्षतिपूर्ति हासिल करने की अनुमति देता है, भले ही यह अनुबंध ऐसा करने की अनुमति नहीं देता, तो भी आप सॉफ़्टवेयर की कीमत से ज़्यादा क्षतिपूर्ति के हकदार नहीं होंगे (या यदि आपने सॉफ़्टवेयर बिना किसी शुल्क के प्राप्त किया था, तो $50 USD तक).**

## वारंटी प्रक्रियाएं

सेवा या धनवापसी के लिए आपको खरीदी के प्रमाण की एक प्रति उपलब्ध करानी होगी और Microsoft की वापसी नीतियों का अनुपालन करना होगा, जिसके लिए आपको सॉफ़्टवेयर की स्थापना रदद करने और उसे Microsoft को लौटाने अथवा सॉफ़्टवेयर को उस सम्पूर्ण Microsoft ब्रांडेड डिवाइस के साथ जिस पर सॉफ़्टवेयर स्थापित है, लौटाने की जरूरत हो सकती है; उत्पाद कुंजी (अगर आपके डिवाइस के साथ दी गई थी) सहित विश्वसनीयता प्रमाणपत्र उससे जुड़ा होना चाहिए.

1 **युनाइटेड स्टेट्स और कनाडा**. युनाइटेड स्टेट्स या कनाडा में खरीदे गए सॉफ़्टवेयर हेतु सीमित वारंटी सेवा या धनवापसी प्राप्त करने का तरीका जानने के लिए, Microsoft से (800) MICROSOFT पर टेलीफ़ोन द्वारा संपर्क करें; या फिर One Microsoft Way, Redmond, WA 98052-6399 पर Microsoft ग्राहक सेवा व समर्थन से संपर्क करें; अथवा (aka.ms/nareturns) पर जाएं.

2 **यूरोप, मध्य पूर्व व अफ़्रीका**. यदि आपने यह सॉफ़्टवेयर यूरोप, मध्य पूर्व या अफ़्रीका में ख़रीदा है, तो Microsoft Ireland Operations Limited सीमित वारंटी प्रदान करता है. सीमित वारंटी के तहत कोई भी दावा करने के लिए, आपको या तो Microsoft

Ireland Operations Limited, Customer Care Centre, Atrium Building Block B, Carmanhall Road, Sandyford Industrial Estate, Dublin 18, Ireland से संपर्क करना होगा, या फिर आपके देश में सेवा प्रदान करने वाले Microsoft सहभागी से संपर्क करना होगा (aka.ms/msoffices).

3 ऑस्ट्रेलिया. यदि आपने यह सॉफ़्टवेयर ऑस्ट्रेलिया में खरीदा था, तो कोई भी दावा करने के लिए Microsoft से 13 20 58 पर; अथवा Microsoft Pty Ltd, 1 Epping Road, North Ryde NSW 2113 Australia पर संपर्क करें.

4 **अन्य देश.** यदि आपने यह सॉफ़्टवेयर किसी अन्य देश में खरीदा था, तो आपके देश में सेवा प्रदान करने वाले Microsoft सहभागी से संपर्क करें (aka.ms/msoffices).